माइंडमाइन समिट में 100 करोड़ निवेश की घोषणा

नई दिल्ली। हीरो एंटरप्राइजेज द्वारा स्थापित एक स्वतंत्र थिंक टैंक माइंडमाइन इंस्टीट्यूट द्वारा आयोजित भारत के सबसे प्रभावशाली विचार मंच माइंडमाइन समिट का 11वां संस्करण राष्ट्रीय राजधानी में शुरू हुआ। इस दो दिवसीय समिट का विषय अवरोध-भारत के लिए नयी सामान्य चीज है जिसमें पहले दिन वरिष्ठ मंत्री, उद्योगपतियों ने अपने विचार व्यक्त किए। सम्मेलन का उद्घाटन शहरी विकास, आवास मंत्री वेंकैया नायडू ने किया। इस अवसर पर रेल मंत्री सुरेश प्रभु भी मौजूद थे। समिट में सुनील कांत मुंजाल ने आविष्कार भारत फंड में इंपैक्ट इनवेस्टिंग की दिशा में 100 करोड़ रुपए निवेश की घोषणा की। यह निवेश रोजगार, शिक्षा एवं कौशल, पर्यावरण, स्वास्थ्य और वित्तीय समावेश के संदर्भ में देश के समक्ष मौजूद चुनौतियों से निपटने की श्री मुंजाल की प्रतिबद्धता दर्शाता है।